तापमान
अधिकतम 26.9 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 दिसंबर 2025

11 दिल्ली रोड पर अभियान चलाकर हटाया अतिक्रमण

12 असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में लागू नीति का विरोध


## खबर संक्षेप



### थाईलैंड में पहलवान रिया ने जीता गोल्ड

**गन्नौर।** गांव पीपली खेड़ा की पहलवान बेटी रिया रावल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए थाईलैंड में आयोजित प्रो रेस लीग कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारतीय तिरंगे को विश्व पटल पर लहराने वाली रिया की उपलब्धि पर उनके परिजन देवेन्द्र रावल ने बताया कि बेटी की जीत की खुशी में क्षेत्र में खुशी की लहर है। जीत की खुशी में सम्मान समारोह 11 दिसंबर को गांव पीपली खेड़ा में किया जाएगा।

### पहले साथ में शराब पी फिर नगदी छीनी

**गोहाना।** क्षेत्र में एक फैक्टरी कर्मचारी से मोबाइल फोन व नगदी छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित नितिश कुमार निवासी गांव जिपर, जिला नालंदा, बिहार ने पुलिस चौकी बुटाना में शिकायत दी, जिस पर केस दर्ज किया गया। नितिश ने पुलिस को बताया कि वह पिछले चार-पांच वर्षों से गांव बुटाना कुंडू स्थित जींद रोड पर बाबा फ्लाई ऐश ब्रिक्स फैक्टरी में काम करता है। शाम को वह फैक्टरी के पास ढाबे पर शराब पीने गया था, जहां उसकी मुलाकात एक अज्ञात युवक से हुई। दोनों ने साथ में शराब पी, जिससे उसे अत्यधिक नशा हो गया। इसके बाद वह युवक के साथ गोहाना की ओर पैदल चल पड़ा। कुछ दूरी पर पहुंचने के बाद उस युवक ने उससे हाथापाई कर उसका मोबाइल फोन और जेब से 31 सौ रुपये छीन लिए। वह गोहाना की तरफ फरार हो गया।

### नाबालिग से दुष्कर्म का एक और आरोपित काबू

**सोनीपत।** थाना सिविल लाइन सोनीपत की पुलिस ने नाबालिग लड़की को अगवा कर दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राजेश निवासी गांव सिसाना हाल बहादुरगढ़ का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार 10 नवम्बर को जिला सोनीपत निवासी एक व्यक्ति ने थाना सिविल लाइन सोनीपत में शिकायत दी थी। उसने बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी 9 नवंबर को शाम 3 बजे बिना किसी को बताए घर से चली गई है। उसने शक जाहिर किया कि उसकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर लेकर गया है। शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने नाबालिग लड़की को बरामद किया था। जिसके उपरांत एक नाबालिग लड़के को अभिरक्षा में व दो महिला को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

### 131 चिकित्सक हड़ताल पर रहे, सीमित स्टाफ के सहारे चली ओपीडी

# अब अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर गए डॉक्टर, ओपीडी में भटके मरीज

- एमएलसी मरीजों को खानपुर मेडिकल कॉलेज भेजना पड़ा, कई विभागों की ओपीडी ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत जिला अस्पताल समेत जिले के अन्य सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में मंगलवार को चिकित्सकों की हड़ताल के चलते स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित रहीं। लगातार दूसरे दिन भी 131 चिकित्सक और तीन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) हड़ताल पर डटे रहे, जिसके कारण ओपीडी और जांच प्रक्रियाएं लगभग ठप पड़ गईं।

इस व्यापक विरोध प्रदर्शन ने सामान्य मरीजों, गर्भवती महिलाओं और आपातकालीन सेवाओं के लिए आने वाले लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करने पर मजबूर कर दिया। वहीं, अब स्वास्थ्य विभाग के लिए बड़ी चुनौती चिकित्सकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से निपटना होगा। क्योंकि अभी तक दो दिनों के लिए हड़ताल की कॉल की गई थी, लेकिन मंगलवार को हड़ताल को आगे बढ़ा दिया है। अब निगाहें स्वास्थ्य मंत्री आरती राव पर भी टिकी हैं कि वे किस तरह इस हड़ताल को खत्म करवाती है।



**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़।

#### जांच सेवाएं पूरी तरह ठप

हड़ताल का सबसे गहरा असर अस्पताल की मेडिकल जांच प्रक्रियाओं पर पड़ा। लगातार दूसरे दिन भी अल्ट्रासाउंड और अन्य महत्वपूर्ण मेडिकल जांच पूरी तरह बाधित रहीं। सबसे संवेदनशील स्थिति गर्भवती महिलाओं की बनी। प्रसूति सेवाओं को जारी रखने के बावजूद, आवश्यक अल्ट्रासाउंड जांच न हो पाने के कारण गर्भवती महिलाओं को भारी कठिनाई हुई। सामान्य बीमारियों के लिए आए मरीजों की खून और अन्य तरह की जांच भी ठप रहीं, जिससे चिकित्सकों द्वारा सुझाए गए उपचार भी शुरू नहीं हो पाए। जांच रिपोर्टों के अभाव में वैकल्पिक व्यवस्था संभाल रहे चिकित्सकों को भी मरीजों के सटीक इलाज में मुश्किलें आई।

#### ओपीडी चालू

अस्पताल में डाक्टरों की तैनाती कर दी गई थी। ओपीडी व आपात सेवाएं चालू रही हैं। सभी मरीजों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

**-डा. ज्योत्सना, सिविल सर्जन, सोनीपत**

जिला अस्पताल की सामान्य ओपीडी सेवाएं आज महज औपचारिकता बनकर रह गईं। चिकित्सकों की हड़ताल के बावजूद अस्पताल प्रशासन ने स्वास्थ्य सेवाओं को जारी रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं कीं, लेकिन यह अपर्याप्त सिद्ध हुईं। जानकारी के अनुसार, सामान्य ओपीडी में केवल बाल रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग और प्रसूति विभाग ही नियमित चिकित्सकों के सहारे संचालित हो सके। अन्य सभी विभागों की ओपीडी को संभालने की जिम्मेदारी ईएसआई , एनएचएम और बीएमएस श्रेणी के चिकित्सकों के कंधों पर रही। इन चिकित्सकों की संख्या कम होने और मरीजों का अत्यधिक दबाव होने के कारण मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ा और कई बिना इलाज के ही लौटने को मजबूर हुए। दूसरी ओर हड़ताली चिकित्सकों ने बताया कि जब तक मांगें पूरी नहीं हो जाती, हड़ताल अनिश्चितकाल के लिए जारी रहेगी।

**एमएलसी के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया :** अस्पताल के आपातकालीन विभाग की स्थिति भी चुनौतीपूर्ण रही। यहां एनएचएम के एक चिकित्सक को मुख्य रूप से लगाया गया, जिनके साथ एक कंसल्टेंट को जोड़ा गया था। सबसे बड़ी समस्या मेडिको-लीगल केस कटवाने आए मरीजों के सामने आई। हड़ताल के कारण एमएलसी प्रक्रिया बाधित रही, जिसके चलते जिला अस्पताल पहुंचे इन सभी मरीजों को इलाज और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मेडिकल कॉलेज खानपुर कलां रेफर कर दिया गया। मरीजों और उनके परिजनों को इस अतिरिक्त भाग-दौड़ और परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, चिकित्सकों के व्यापक विरोध के बावजूद दो महत्वपूर्ण सेवाएं पहले की तरह जारी रहीं। पोस्टमार्टम सेवाएं और प्रसूति सेवाएं बिना किसी बड़ी बाधा के चलती रहीं, जिससे अत्यंत आवश्यक मामलों में मरीजों को थोड़ी राहत मिली।

#### हितों की अनदेखी

एसएमओ की सीधी भर्ती से पहले से कार्यरत डाक्टरों के अधिकारों और पदोन्नति की अनदेखी हो रही है। यह व्यवस्था सेवा नियमों के खिलाफ है और इससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी प्रभावित होगी। मुख्यालय की तरफ से मांगों को पूरा नहीं किया गया है, अब अनिश्चितकालीन हड़ताल रहेगी।

**-डा. नितिन फालस्वाल, जिला प्रधान, सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन।**

## नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा



- पुलिस ने चार आरोपियों को मोहाली से किया गिरफ्तार, पांच लाख ठगे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

थाना साइबर सोनीपत की टीम ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। टीम ने पंजाब के मोहाली से इस गिरोह के चार आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान शिवम निवासी बनारस, उत्तर प्रदेश, राहुल निवासी द्वारका, सेक्टर 8 नई दिल्ली, मनोज निवासी सोमरी गुलियाना, जिला कैथल और फैज निवासी संगम विहार, नई दिल्ली के रूप में हुई है। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

पूरा मामला शिकायतकर्ता गोपाला कृष्णा निवासी सेक्टर 13 सोनीपत की शिकायत के आधार पर शुरू हुआ। गोपाला कृष्णा ने 8 अक्टूबर 2025 को थाना साइबर सोनीपत में शिकायत दी थी कि उन्हें 12 जुलाई 2025 को नौकरी दिलाने के नाम पर कंसल्टेंसी से कॉल आई थी। आरोपितों ने रजिस्ट्रेशन फीस, इंटरव्यू प्रोसेस, टेक्निकल टेस्ट, जॉब कोड और विभिन्न प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर उनसे कई किस्तों में कुल 5 लाख रुपये की ठगी कर ली। शिकायतकर्ता को बाद में पता चला कि वेबसाइट दस्तावेज और बैंक खाते सभी फर्जी थे।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम एवं साइबर कुशल पाल सिंह ने पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना प्रबंधक निरीक्षक बसंत कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस टीम में एएसआई नवदीप, एएसआई विनीत, मुख्य सिपाही प्रदीप सिपाही, विकास तथा एसपीओ दिनेश शामिल थे। टीम ने तकनीकी विश्लेषण कॉल डिटेल्स व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों की लोकेशन ट्रेस कर पंजाब के मोहाली से चारों को गिरफ्तार कर लिया।

#### 12 मोबाइल फोन बरामद

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस टीम ने आरोपितों के कब्जे से 1 लाख 35 हजार रुपये नकद, 12 मोबाइल फोन और 10 लैपटॉप बरामद किए। आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड पर लिया गया, जिसके उपरांत गहनता से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम एवं साइबर कुशल पाल सिंह ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी अनजान कॉल लिंक या संदेश पर विश्वास न करें। केवल विश्वसनीय एवं प्रमाणित वेबसाइट या एप का उपयोग करें। लालच या झूठे ऑफर में न आएं और नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे मांगने वाले किसी भी व्यक्ति या कंपनी से सावधान रहें।

## एक रुपये का रिश्ता लेकर दहेज के खिलाफ दिया संदेश, पौधरोपण भी किया



बारात लेकर जाने से पहले पौधरोपण करते रिंकू दहिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

उपमंडल के गांव खांडा के युवक रिंकू दहिया ने एक रुपये का रिश्ता लेकर और बारात लेकर जाने से पहले पौधरोपण करके अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने समाज व पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्य को निभाने का काम किया। रिंकू दहिया ने बताया कि समाज में दहेज एक अभिशाप है और पर्यावरण को शुद्ध रखना हमारा सभी का नैतिक कर्तव्य है। इसीलिए उन्होंने अपने इस कर्तव्य को निभाया है। उनकी शादी गांव हाड़वा में हो रही है।

इस मौके पर जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया व उनके पति एवं ब्लॉक समिति के पूर्व अध्यक्ष राजबीर दहिया ने पहुंचकर इस अनूठी पहल की सराहना की। इस मौके पर प्रसादु, चांद, साहब सिंह फौजी, वेदपाल, बिल्लू गांधी व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### देवेंद्र गौतम ने आप को कहा अलविदा

**सोनीपत।** आम आदमी पार्टी के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गौतम ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी को अलविदा कर दिया। 2004 से सक्रिय राजनीति की शुरुआत करने वाले देवेंद्र गौतम ने पिछली बार सोनीपत विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ा था। 2021 में आम आदमी पार्टी ज्वाइन करने वाले देवेंद्र गौतम को 2023 में सोनीपत लोकसभा क्षेत्र का अध्यक्ष बनाया गया था।



देवेंद्र गौतम को पिछले दिनों एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद अब देवेंद्र गौतम ने पार्टी के कुछ आंतरिक साथियों द्वारा बाहरी विधायकों के साथ मिलकर राजनीतिक और सामाजिक हत्या की साजिश, मुकद्दमा दर्ज करवाना और शीर्ष नेतृत्व द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

## सिंचाई विवाद की पुरानी रंजिश में युवा किसान की गला घोंटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

जिले के गांव राणा खेड़ी में सिंचाई के पानी को लेकर पुरानी रंजिश ने एक युवा किसान की जान ले ली। सोमवार रात बरसीम के खेत की रखवाली करने गए 23 वर्षीय किसान प्रदीप का शव अगले दिन उनके खेत के पास रास्ते पर पड़ा मिला। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि किसान की गला दबाकर हत्या की गई है। मृतक के पिता ने गांव के ही पांच लोगों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है, जिसके बाद बरोदा थाना पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

गांव राणा खेड़ी निवासी जिले सिंह ने बरोदा थाना की बुटाना चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। जिले सिंह के अनुसार, उनका बेटा प्रदीप सोमवार रात करीब नौ बजे बेसहारा पशुओं से बरसीम की फसल को बचाने के लिए खेत की रखवाली करने गया था। जब रात साढ़े 10 बजे तक प्रदीप वापस नहीं लौटा तो जिले सिंह अपने दूसरे बेटे सत्यवान के साथ उसकी तलाश में खेत की ओर निकले। खेत के नजदीक रास्ते पर ही उन्होंने प्रदीप का शव देखा। परिजनों ने पाया कि प्रदीप की गर्दन पर गला घोंटने के स्पष्ट निशान थे। इसके अलावा, मृतक के बाएं हाथ के अंगूठे पर भी गहरी चोट के निशान मिले, जो संघर्ष की ओर इशारा कर रहे थे। सूचना मिलते ही बरोदा थाना की पुलिस टीम बुटाना चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और घटनास्थल का सघन निरीक्षण किया। शिकायतकर्ता जिले सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे की हत्या, सिंचाई के पानी को लेकर हुए पुराने झगड़े की रंजिश के चलते की गई है। उन्होंने गांव के पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

#### अविवाहित था 23 वर्षीय प्रदीप



युवा किसान प्रदीप परिवार का सबसे छोटा बेटा था। वह पशुपालन कर दूध का व्यापार करते है। उसने दसवीं तक पढ़ाई की है। परिवार के पास करीब आधा एकड़ जमीन है, जिस पर चारा उगाते हैं। हमले का शिकार हुआ प्रदीप अविवाहित था। उससे बड़े दो भाई व तीन बहन शादीशुदा है। बताया गया है कि प्रदीप के एक भाई का वर्ष 2016 में निधन हो चुका है। उसका शव सड़क किनारे मिला था।

#### इन पांच के खिलाफ दर्ज किया केस

मामले में ग्रामीण जिले सिंह ने पांच लोगों पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि एक माह पहले खेत में सिंचाई को लेकर बेटे प्रदीप की गांव के बालकिशन, उसके भाई रोहताश, बेटे अजय उर्फ अज्जू, गांव के अशोक उर्फ शोकी व उसके भाई बलमत के साथ कहासुनी हुई थी। उस समय गांव में समझौता हो गया था, लेकिन आरोपियों ने रंजिश पाल रखी थी।

### खाद के साथ अन्य सामान जबरदस्ती बेचने पर कार्रवाई

**सोनीपत।** चम्बल फर्टिलाइजर एंड केमिकल लिमिटेड के सोनीपत में 7 बिक्री केंद्र हैं। प्रदेश में इस कंपनी के कीटनाशकों एवं अन्य उत्पादों की बिक्री पर रोक लगी है। ऐसे में कृषि विभाग ने सोनीपत के सभी केंद्रों पर कार्रवाई की तैयारी पूरी कर ली है। कृषि अधिकारियों के अनुसार विभागीय निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

कम्पनी के खिलाफ पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की जांच डीडीए अंबाला द्वारा की गई। जिसमें कंपनी द्वारा लगभग 1 करोड़ रुपये मूल्य के सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ 43.88 लाख रुपये के कीटनाशकों व अन्य उत्पादों को जबरदस्ती बेचने के आरोप लगे थे। विभाग द्वारा नोटिस जारी रिकॉर्ड मांगा गया था, लेकिन जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई हुई। कृषि उपनिदेशक डॉ. पवन शर्मा ने बताया कि मुख्यालय के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी। अगर कोई खाद विक्रेता किसी को जबरदस्ती सामान बेच रहा है तो किसान शिकायत करें।

### मुख्यमंत्री नायब सैनी 11 को करेंगे मेले का शुभारंभ, उपायुक्त ने व्यवस्थाओं का लिया विस्तृत जायजा

## सुभाष स्टेडियम में सजेगा अंत्योदय परिवार उत्थान मेला

- अंत्योदय परिवारों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित हो रहा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में गरीब, जरूरतमंद व अंत्योदय परिवारों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 11 दिसंबर को सुभाष स्टेडियम में अंत्योदय परिवार उत्थान मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले की तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

मंगलवार को उपायुक्त सुशील सारवान ने स्वयं सुभाष स्टेडियम पहुंचकर सभी व्यवस्थाओं का विस्तार से निरीक्षण किया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेन्द्र बढ़खालसा भी मौजूद रहे।

उपायुक्त ने मंच निर्माण, पंडाल व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, जलापूर्ति, साफ-सफाई, शौचालय, मेडिकल सुविधा, एम्बुलेंस, अग्निशमन, पुलिस सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, ट्रैफिक डायवर्जन, पार्किंग, प्रवेश व निकास द्वार सहित सभी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा किया जाएगा, इसलिए सुरक्षा और प्रोटोकॉल संबंधी व्यवस्थाएं पूरी तरह चाक-चौबंद हों। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, डीसीपी कुशल सिंह, नगराधीश डॉ. अनमोल, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़, एसपी जीत सिंह सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।




सोनीपत। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते हुए उपायुक्त साथ में सीएम के ओएसडी एवं अन्य।

## पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान जारी किया

- वीआईपी मूवमेंट और सुरक्षा के लिए कई मार्गों पर यातायात प्रतिबंध, वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्ग अपनाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 11 दिसंबर को सुभाष स्टेडियम में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिले में सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के मद्देनजर सोनीपत पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। पुलिस ने सामान्य वाहन चालकों को असुविधा से बचने और जाम की स्थिति से बचाव के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी है। डायवर्जन विशेष रूप से वीआईपी रूट और कार्यक्रम स्थल के आसपास लागू रहेगा।

पुलिस की ओर से यातायात को नियंत्रित करने और वीआईपी मूवमेंट को सुचारू रखने के लिए कई स्थानों पर नाके लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में आने वाले वाहनों की पार्किंग हिंदू स्कूल में सुनिश्चित की गई है।

#### किस मार्ग पर क्या रहेगा प्रतिबंध

वीआईपी रूट पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड से शुरू होकर लघु सचिवालय के पास से होते हुए सुभाष स्टेडियम तक जाएगा। इस मार्ग पर सामान्य यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। डायवर्जन के दौरान नाका-1 और नाका-2 को गोहाना की ओर जाने वाले रास्ते पर लगाया जाएगा। नाका-3 और नाका-5 कोर्ट रोड और हिंदू स्कूल के पास यातायात नियंत्रण का कार्य संभालेंगे। नाका-4 और नाका-7 मेहलाना रोड व तिरंगा चौक के पास स्थापित किए जाएंगे, जबकि नाका-8 महलाना रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर लगाया जाएगा। नाका-10 जाटवाड़ा रोड से आने वाले यातायात को प्रभावित करेगा। इसके अलावा रेलवे लाइन के समानांतर चलने वाले मार्ग और महलाना रोड पर भी यातायात सीमित रखा जाएगा।


#### निर्देश मानें

11 दिसंबर को सुभाष स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए सोनीपत–गोहाना रोड पर यातायात को सुबह 8 बजे से अस्थायी रूप से डायवर्ट किया जा रहा है। आमजन से अपील है कि वे ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी किए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

**- नरेंद्र कादयान, पुलिस उपायुक्त, ट्रैफिक, सोनीपत।**

#### ऐसे डायवर्ट किए जाएंगे वाहन

1. सोनीपत शहर से गोहाना जाने वाले वाहन → महलाना रोड → गढ़ी ब्राह्मणा गेट वाली सड़क → सिटी मॉल के पास से आगे गोहाना रोड पर निकाले जाएंगे ताकि शहर में जाम की स्थिति से बचा जा सके।
2. गोहाना से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन → गोहाना बाईपास → मुरथल की तरफ डायवर्ट किए जाएंगे। पुलिस नाके लगाकर स्थिति पर नियंत्रण रखेगी।
3. गोहाना की ओर से शहर में आने वाला ट्रैफिक → सिटी मॉल, गोहाना रोड के पास से → गढ़ी ब्राह्मणा गेट मार्ग → महलाना रोड होते हुए शहर में प्रवेश कर सकेगा।



# बॉर्डर 2 से सामने आया अहान का दमदार पोस्टर

**मुंबई।** देशभक्ति पर आधारित 'बॉर्डर 2' का पिछले काफी समय से फैंस को इंतजार है। सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन स्टारर इस फिल्म से अब अभिनेता अहान शेट्टी का पोस्टर सामने आ गया है। अहान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है- 'धरती हो या समंदर। धरती मां का हर बेटा ही कसम निभाता है।' बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को आ रही है। पोस्टर में अहान शेट्टी का दमदार लुक नजर आ रहा है। चेहरे पर उभरे चोट के निशान, गाल पर खून की धार और आंखों में झलकती दृढ़ता उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली बना रही है।

लाइफ Style

# सारा
## यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। फिल्म में उन्होंने यमाली (राकेश बेदी) की बेटी एलीना का किरदार अदा किया है। उनके अभिनय और खूबसूरती ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है।

सारा ने फिल्म में काम करने का श्रेय कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को देते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने मुकेश छाबड़ा के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। वे लिखती हैं, 'यह पोस्ट उस शख्स के लिए, जिसने मेरी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। मेरे प्यारे मुकेश सर, कभी-कभी जिंदगी धीरे से पिता के साथ-साथ आपके रास्ते में एक और गाइड करने वाली मौजूदगी लाती है। कोई ऐसा जिसका विश्वास आपकी अपनी जड़ों की जगह नहीं लेता, बल्कि चुपचाप उन्हें मजबूत करता है। मेरे लिए, वह मौजूदगी आप हैं। आपने दुनिया को पता चलने से पहले ही मुझ पर इतना यकीन किया। चुपचाप किए गए आपके उस यकीन ने सब कुछ बदल दिया'। सारा ने आगे लिखा है, 'हर बार जब 'धुरंधर' की कास्टिंग की तारीफ होती है, तो मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि आपकी समझ, आपके विजन और आपके दिल ने उस जादू को बनाया। मुझमें एलीना को देखने के लिए धन्यवाद। उन पलों में मेरी हिम्मत बनाए रखने के लिए धन्यवाद, जिनका नाम मुझे कभी नहीं लेना पड़ा। विज्ञापन से लेकर 'धुरंधर' तक, यह सफर किसी आशीर्वाद से कम नहीं लगता'।



हॉलीवुड मसाला



# विलेन के रोल में किया कमाल

**नई दिल्ली।** किसी भी फिल्म में एक हीरो से ज्यादा उसका विलेन का किरदार दमदार चुना जाता है। आजकल की फिल्में तो विलेन से ही हिट हो रही हैं। यही वजह है कि अब हीरो भी विलेन बनने से नहीं कतरा रहे हैं। अगर थोड़ा हॉलीवुड में झांके तो एक नाम है एक्टर डेविड प्राउज का, जो कि एक ब्रिटिश एक्टर हैं। जिस फिल्म में भी इन्होंने काम किया है, बहुत कमाल किया है। एक फिल्म में तो उनके कैरेक्टर ने करिश्मा ही कर दिखाया था। पूरी फिल्म में इनका चेहरा सामने नहीं आया और ना ही उनकी आवाज सुनने को मिली, लेकिन उनके इस विलेन रोल ने 'डार्थ वाडर' को यादगार बना दिया।



# बेटी के हाथों बने स्केच को देख हुई भावुक...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ना सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ में बल्कि पर्सनल लाइफ में काफी सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका ने मालती द्वारा बनाया हुआ एक स्केच फैंस के साथ साझा किया। साथ ही प्रियंका ने बताया कि वो स्केच को देखकर काफी भावुक हो गईं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह स्केच शेयर किया। तस्वीर में मालती अपने नन्हे हाथों से बना एक स्केच पकड़े नजर आ रही है, जिसमें एक महिला अपने बच्चे को बाहों में थामे दिख रही है। इस स्केच के साथ कैप्शन में प्रियंका ने लिखा- मां ने तुम्हे पकड़ा हुआ है। इसी के साथ ही देसी गर्ल ने इमोशनल इमोजी भी बनाया। प्रियंका और निक जोनस हमेशा अपनी बेटी को अमेरिकी और भारतीय दोनों संस्कृतियों का अनुभव कराते रहते हैं।



# वी. शांताराम में जयश्री का निभाएंगी किरदार

**मुंबई।** फिल्ममेकर वी. शांताराम की बायोपिक फिल्म से अब सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद फिल्म की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की भी पहली झलक सामने आई है। मेकर्स ने तमन्ना भाटिया का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म में तमन्ना जयश्री का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में तमन्ना का विंटेज लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर में तमन्ना बेबी पिंक कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में हरा पर्दा और घास नजर आ रही है, जो संभवतः किसी फिल्म का सेट मालूम पड़ता है। इससे पहले फिल्म से सिद्धांत चतुर्वेदी का लुक सामने आया था। सिद्धांत फिल्म में वी. शांताराम का किरदार निभा रहे हैं। उनके पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा था, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला रिबेल अब वहीं लौट आया है, जहां उसे होना चाहिए था - बड़े पर्दे पर।'



# वध-2 के पोस्टर में छाए नीना-संजय

**मुंबई।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता एक बार फिर वध 2 के साथ लौट रहे हैं, जिसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है। साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में तेजी से जगह बना रही है. लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स के बैनर तले बनी यह स्पिरिचुअल सीक्वल, वध की आत्मा को बरकरार रखते हुए एक नई कहानी में इन दिग्गज कलाकारों को नए किरदारों में पेश करती है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी जो दिखता है, वही पूरी सच्चाई नहीं होता! वध 2 सिनेमाघरों में 6 फरवरी 2026 से। दमदार लीड जोड़ी को दर्शाते इन आकर्षक पोस्टर्स ने दर्शकों को एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव का अहसास पहले से ही करा दिया है। यह भी दिलचस्प है कि नए पोस्टर्स 9 दिसंबर 2025 को ही रिलीज़ किए गए।

टीवी मसाला



# बाबूजी से ऊंची आवाज में पूछा सवाल, तकिए के नीचे मिला जवाब

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन का रिश्ता बेहद गहरा, सम्मानपूर्ण और अनोखा था। पिता के किस्सों में अक्सर उन्होंने ये बताने की कोशिश की कि वह कितने सख्त और अनुशासनप्रिय थे, लेकिन प्यार भी उतना ही बेइंतहा था। अमिताभ उन्हें 'बाबूजी'कहकर पुकारते थे और उनकी हर बात को अंतिम मानते थे। 'कौन बनेगा करोड़पति'के सेट पर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में पिता से जुड़ा एक ऐसा पुराना किस्सा सुनाया कि पूरा स्टूडियो हंसते-हंसते लोटपोट हो गया। मेगा स्टार ने खुलासा किया कि जिंदगी में सिर्फ एक बार उन्होंने अपने पिता, महान कवि हरिवंश राय बच्चन से ऊंची आवाज उठाई थी और पूछ डाला था 'हमें आपने पैदा क्यों किया?' 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर मेहमान आमिर खान के सामने उन्होंने जिंदगी के उस एकमात्र पल को याद किया, जब उन्होंने अपने पिता के सामने आवाज उठाई थी। अमिताभ ने बताया कि वो दिन कॉलेज के शुरुआती थे। बोर्डिंग स्कूल की सख्त जिंदगी के बाद अचानक आजादी मिली थी। दुनिया बहुत जटिल लगने लगी थी। घर लौटकर एक शाम गुस्से में उन्होंने बाबूजी से ये सवाल दाग दिया। अमिताभ बच्चन ने बताया कि ये सवाल सुनने के बाद हरिवंश राय बच्चन उस वक्त कुछ नहीं कहा, न कोई गुस्सा, न डांट, बिल्कुल खामोश और रोज की तरह सुबह 4-5 बजे अपनी रोज की सैर पर निकल गए। जब अमिताभ सुबह उठे तो तकिए के नीचे एक तह किया हुआ कागज मिला। उस पर पिता ने पूरी कविता लिखी थी। उस कवीता का शीर्षक था 'नई लीख। बिग बी ने उस कविता का एक अंश उन्होंने पढ़कर सुनाया- 'जिंदगी और जमाने की कशमकश से घबराकर, मेरे लड़के मुझसे पूछते हैं, हमें पैदा क्यों किया था? तुम ही नई लीख धरना, अपने बेटों से पूछकर उन्हें पैदा करना।'

## एक टीवी शो से चमक गई किस्मत

**नई दिल्ली।** हसीना छोटी उम्र से परफॉर्मर हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनकी शानदार स्क्रीन प्रजेंस के साथ उनकी तरक्की वाकई काबिल-ए-तारीफ है। हम बात कर रहे हैं सुमोना चक्रवर्ती की, जिन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में अपनी आइकॉनिक मौजूदगी से करोड़ों दिल जीते। सुमोना ने 11 साल की उम्र में आमिर खान और मनीषा कोइराला की 'मन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत की थी। सुमोना ने कुछ साल बाद कई शोज में काम किया और 2011 में हिट सीरीज 'बड़े अच्छे लगते हैं' से उन्हें बड़ी पहचान मिली। टीवी के अलावा सुमोना ने 'बर्फी!' और 'किक' जैसी फिल्मों में भी कैमियो किया, जिसमें उन्होंने छोटे रोल में भी अपनी रेंज दिखाई। सुमोना का सबसे यादगार किरदार कपिल शर्मा की ऑन-स्क्रीन पार्टनर के रूप में है, जिसमें उन्होंने अपनी तेज-तर्रार हाजिरजवाबी और मजेदार जवाबों से सबका दिल जीत लिया।



# एक-दूसरे की आंखों में खोए शबाना और जावेद

**मुंबई।** अभिनेत्री शबाना आजमी और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर बॉलीवुड की एक ऐसी जोड़ी हैं, जो उम्र के इस पड़ाव पर भी एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दोनों की शादी को 41 साल हो गए हैं। मंगलवार को कपल अपनी शादी की 41वीं सालगिरह मनाया। इस मौके पर शबाना आजमी ने जावेद अख्तर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में कपल एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा है, '41 साल की शादी के बाद एक-दूसरे को इतनी कोमलता से देख पाना ही सब कुछ कह देता है। हैप्पी एनिवर्सरी जादू।' दोनों की ये तस्वीर फैंस को काफी पसंद आ रही है। शबाना आजमी और जावेद अख्तर की इस तस्वीर पर एक ओर जहां फैंस अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कई सेलेब्स भी इस पर कमेंट करके कपल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दे रहे हैं।



अभिनेत्री विद्या बालन ने जहां कमेंट कर, 'सालगिरह मुबारक हो' लिखा। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने तीन रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा उर्मिला मातोंडकर, दीया मिर्जा, सोनी राजदान, संध्या मृदुल, अभय देओल और मियांग चैंग ने भी कपल की इस खूबसूरत तस्वीर पर प्यार लुटाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शबाना आजमी अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। अभिनेत्री आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। यह सीरीज महिलाओं के ऐसे समूह पर आधारित थी, जो खाने के डब्बों में रखकर ड्रग सप्लाई करती हैं। सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

# 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी

**मुंबई।** अगले साल की शुरुआत में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का शानदार इवेंट होने वाला है। 11 जनवरी को यह अवॉर्ड अलग-अलग कैटेगरी में दिए जाएंगे। इस अवॉर्ड इवेंट को कॉमेडियन निक्की ग्लेसर होस्ट करेंगी। वह लगातार दूसरे साल इस अवॉर्ड फंक्शन को होस्ट कर रही हैं। 8 दिसंबर को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई है।

### अलग-अलग कैटेगरी में हुआ फिल्मों का नॉमिनेशन

बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा कैटेगरी में फ्रैंकनस्टाइन, हैमनेट, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू, सिनर्स जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में ब्लू मून, बुगोनिया, मार्टी सुप्रीम, नो अदर चॉइस, नोवेल वेग और वन बैटल आफ्टर अनदर शामिल रहीं।

### कॉमेडी कैटेगरी

इसी तरह मोशन पिक्चर की म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रोज बर्न का



नॉमिनेशन हुआ, उन्होंने फिल्म 'इफ आई हेड लेग्स आई किक यू' में दमदार अभिनय किया है। इसी कैटेगरी में विकेडः फॉर गुड के लिए सिंथिया एरिवो, सॉन्ग संग ब्लू के लिए केट हडसन, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए चेस इनफिनिटी, द टेस्टामेंट ऑफ एन ली के लिए अमांडा सेफ्राइड और बुगोनिया के लिए एमा स्टोन का नाम शामिल है। वहीं, म्यूजिकल और कॉमेडी मोशन पिक्चर केटेगरी में ही बेस्ट एक्टर के तौर पर कई लोगों के शामिल हुए हैं। मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट, जैक केली के लिए जॉर्ज क्लूनी, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्लू मून के लिए इथन हॉक, नो अदर चॉइस के लिए ली ब्युंग-हुन, बुगोनिया के लिए जेसी प्लेमन्स को नॉमिनेट किया गया है।

### इन डायरेक्टर्स-एक्टर का लिस्ट में शामिल हुआ नाम

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में बेस्ट डायरेक्टर के तौर पर कई निर्देशकों के नाम शामिल हुए हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन, सिनर्स के लिए रयान कूगलर, फ्रैंकनस्टाइन के लिए गुइलेर्मो डेल टोरो, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट के लिए जाफर पनाही, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए जोआचिम ट्रायर और हैमनेट के लिए क्लो झाओ का नॉमिनेशन हुआ है।

### इन लोगों को भी मिला नॉमिनेशन

मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर कई एक्ट्रेस को नॉमिनेट किया गया है। जैसे द स्मैशिंग मशीन के लिए एमिली ब्लंट, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए एली फैनिंग, विकेडः फॉर गुड के लिए एरियाना ग्रांडे, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए इंगा इब्सडॉटर लिलियास, वेपन्स के लिए एमी मैडिगन और वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर को चुना गया है। वहीं, मोशन पिक्चर केटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए बेनिशिया डेल टोरो, जैकब एलोर्डी, पॉल मेस्कल, शॉन पेन, एडम सैंडलर और स्टेलन स्कार्सगार्ड को चुना गया है।

## ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं

# सैंटा की इन खास 10 फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस

*नई दिल्ली। 2025 में क्रिसमस के लिए ओटीटी पर कई सारी नई फिल्में आ गई हैं। ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं। इस बार इन 10 मजेदार फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। त्योहार की छुट्टियों में परिवार और इन फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। इन सभी हॉलीवुड फिल्मों को आप सभी अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, प्राइम, डिज्नी+ पर देख सकते हैं।*

**जिंगल बेल हीस्ट :** हॉलीवुड फिल्म 'जिंगल बेल हीस्ट' 26 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दो दुकान कर्मचारी क्रिसमस की रात अपने ही स्टोर को लूटने का प्लान बनाते हैं। इस फिल्म में बहुत मजा और रोमांस है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**शैम्पेन प्रॉब्लम्स :** 'शैम्पेन प्रॉब्लम्स' इस साल 19 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक लड़की पेरिस जाकर शैंपेन कंपनी खरीदना चाहती है, लेकिन उसी कंपनी के मालिक से प्यार हो जाता है। यह एक प्यारी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**ए मेरी लिटिल एक्स-मास :** हॉलीवुड फिल्म 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें तलाक के बाद माता-पिता बच्चों के लिए क्रिसमस साथ मनाते हैं, लेकिन नए पार्टनर आने से मजेदार उलझनें हो जाती हैं। 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' 12 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। यह नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।



**माई सीक्रेट सांता :** 'माई सीक्रेट सांता' कहानी है एक सिंगल मॉम और उसकी बाटी की। इस फिल्म में एक मां अपनी बेटी के लिए पैसे कमाने सांता बनती है। इस बीत वहां रिसॉर्ट मैनेजर को उससे प्यार हो जाता है। 'माई सीक्रेट सांता' 3 दिसंबर को रिलीज हुई है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**जॉय टू द वर्ल्ड :** 'जॉय टू द वर्ल्ड' 1 नवंबर 2025 के रिलीज हुई थी। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। एक फेमस लेडी का परफेक्ट फैमिली वाला झूठ पकड़ा जाता है, तो वो अपने बेस्ट फ्रेंड को नकली बॉयफ्रेंड बनाती है। फिर उसे सच में प्यार हो जाता है। 'जॉय टू द वर्ल्ड' को आर डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं।

**टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय :** 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' कहानी है एक फैशन डिजाइनर की। जो जिदगी से परेशान होकर पहाड़ों पर भागती है, वहां बर्फीले तूफान में उसकी मुलाकात एक अजनबी से होती है, जो उसकी खुशी लौटाता है। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' 5 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी।

**क्रिसमस एबव द क्लाउड्स':** 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' 8 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक बिजी CEO के साथ प्लेन में फंस जाती है। जिसके बाद उसे क्रिसमस और प्यार का नया मतलब समझ आता है। 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' को भी ओटीटी पर देख सकते हैं।

**ए वेरी जोनस क्रिसमस :** 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' फिल्म जोनस ब्रदर्स की है। इस फिल्म में जोनस ब्रदर्स क्रिसमस मनाने घर जाने की रेस में हैं। यह फिल्म गाने, हंसी और मस्ती से भरपूर है। यह फिल्म बच्चों को बेहद पसंद आएगी। 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' 14 नवंबर को रिलीज हुई थी।

# अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया

## ट्रैफिक पुलिस और निगम ने मिलकर अवैध कब्जे हटवाए

सड़क किनारे खड़ी रेहड़ियों और अवैध पार्क किए गए वाहनों को भी मौके से हटाया



सोनीपत। अतिक्रमण हटवाते पुलिस कर्मी और निगम कर्मी। फोटो : हरिभूमि



गन्नौर। रेलवे रोड पर चौकी प्रभारी सोहन नगरपालिका कर्मियों के साथ अतिक्रमण हटवाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए सोनीपत ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व निरीक्षक देशराज ने नगर निगम टीम के साथ मिलकर किया। अभियान मुख्य रूप से दिल्ली रोड सोनीपत क्षेत्र में चलाया गया, जहां दुकानों के बाहर अवैध रूप से रखा गया सामान हटवाया गया। सड़क किनारे खड़ी रेहड़ियों और अवैध पार्क किए गए वाहनों को भी मौके से हटाया गया। इस दौरान सिटी ट्रैफिक इंचार्ज निरीक्षक देशराज अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे और ट्रैफिक मार्ग को बाधामुक्त कराने की कार्रवाई को स्वयं मॉनिटर किया। पुलिस ने अभियान के दौरान दुकानदारों और वाहन चालकों को समझाया कि सड़क पर कब्जा करना न केवल ट्रैफिक बाधित करता है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ाता है। अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में दोबारा ऐसा करते पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बाहर रखा सामान बन रहा दुर्घटना का कारण

शहर के विभिन्न चौकों और मुख्य मार्गों पर दुकानों के बाहर रखे सामान और रेहड़ियों के कारण अक्सर जाम और दुर्घटना जैसी स्थितियां उत्पन्न होती हैं। अभियान के दौरान ककरोई चौक के आसपास कई दुकानदारों द्वारा रेहड़ी चालकों से किराया वसूलने की जानकारी भी सामने आई, जिस पर पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है।

### जीटी रोड पर अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू

**गन्नौर।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को जीटी रोड पर ट्रैफिक पुलिस ने नगरपालिका के सफाई कर्मियों के साथ मिलकर अवैध रूप से रखे गए होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई की। अभियान चौकी प्रभारी सोहन के नेतृत्व में चलाया गया। पुलिस ने जीटी रोड और रेलवे रोड पर दुकानों के बाहर लगे होर्डिंग्स को उठवाकर नगरपालिका में भेज दिया। चौकी प्रभारी सोहन ने बताया कि शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यह अभियान चलाया है। उन्होंने कहा दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे होर्डिंग्स और अन्य सामान रखना न केवल शहर के सौंदर्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकता है। आने वाले दिनों में भी इस अभियान को जारी रखेंगे। इसके अलावा, रेलवे रोड स्थित मुख्य बाजार में अवैध रूप से पार्किंग करने वाले वाहन चालकों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि अब से इस तरह की गलतियों को माफ नहीं करेंगे और भविष्य में कड़ी कार्रवाई करेंगे। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि वे पार्किंग के लिए निर्धारित स्थानों का ही उपयोग करें ताकि ट्रैफिक की समस्या कम हो सके। अभियान में नगरपालिका के सफाई कर्मियों ने दुकानों के आगे अवैध ढंग से रखे होर्डिंग्स को उठाकर नपा की ट्रैटर-ट्राली में डालकर नगरपालिका में ले आए। पुलिस ने दुकानदारों को भी जागरूक किया कि वे अवैध ढंग से सामान न रखें ताकि शहर की साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके। नगरपालिका सचिव प्रदीप ने बताया कि पुलिस के इस तरह के प्रयास के बाद शहर अतिक्रमण मुक्त होगा। नगरपालिका पूरा सहयोग कर रही है।

## छात्रा रीवा और दिव्या को किया सम्मानित

**खरखौदा।** थाना खुर्द स्थित द स्टैनफोर्ड स्कूल में कक्षा 7 वीं की छात्रा रीवा और कक्षा 9 वीं की छात्रा दिव्या दहिया को उनकी उत्कृष्ट खेल उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। खेल जगत में इन दोनों छात्राओं ने दृढ़ता और लगन का परिचय दिया है। उन्होंने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। रीवा ने सीबीएसई राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक तथा राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा सिद्ध की। वहीं दिव्या दहिया ने हरियाणा ओलंपिक्स और एसजीएफआई प्रतियोगिता में रजत पदक अर्जित कर निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण दिया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक पवन खरखौदा एवं विशिष्ट अतिथि हरियाणा कुश्ती संघ उपाध्यक्ष सोमबीर आर्य ने दोनों छात्राओं का फूलमालाओं और पुरस्कार राशि राशि देकर सम्मानित किया। विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि ग्रामीण परिवेश की बेटियां अब हर प्रतियोगिता में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। रीवा तथा दिव्या जैसी खिलाड़ी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। खेलों में अनुशासन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास ही युवाओं को आगे बढ़ाता है। ऐसी उपलब्धियाँ कठिन परिश्रम और मजबूत संकल्प की उपज होती हैं। विद्यालय प्रबंधन सह संस्थापिका इंद्रावती, अध्यक्ष उत्सव दहिया, निदेशिका पूजा उत्सव दहिया, प्राचार्य संजीत नैन ने दोनों छात्राओं को भविष्य में आगे बढ़ने का आशीर्वाद देकर प्रेरित किया। मौके पर सरिता, ऋतु कुमार, अनिल, कीर्ति सहित अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### राठधाना में नशा निवारण के उपाय बताए

**सोनीपत।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राठधना में नशा-मुक्त हरियाणा मिशन के तहत एंटी-ड्रग जागरूकता एवं रोकथाम अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पैनल अधिवक्ता रेखा कौशल, सोनीपत ने छात्रों एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों, नशा-निवारण के उपायों, परिवार एवं समाज पर नशे के गंभीर प्रभावों तथा नशा-मुक्त हरियाणा मिशन के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया।



### जागरुकता के साथ लगाया दंत चिकित्सा शिविर

**सोनीपत।** रोटरी क्लब सोनीपत आर्डेंट के सौजन्य से विजय हाई स्कूल में एक विशेष जागरुकता एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम के प्रथम चरण में शिखा तोमर द्वारा पर्सनेलिटी डेवलपमेंट सत्र आयोजित किया गया, इसके बाद विशाल बेदी द्वारा फाइनेंशियल लिटरेसी सत्र लिया गया। कार्यक्रम के तीसरे चरण में डॉ. हरीश और डॉ. श्रुति भारद्वाज द्वारा निःशुल्क दंत जांच शिविर लगाया गया। इस अवसर पर क्लब के प्रधान पुनीत जग्गा, सचिव अंकुश शर्मा, रूबी शर्मा, राजेश कटारिया, अभिषेक गुप्ता, राजेश मक्कड़, स्कूल चेयरमैन जितेन्द्र चावला आदि मौजूद रहे।




### नेशनल चैंपियनशिप में शुभम छिल्लर ने जीता पदक

**खरखौदा।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में आयोजित नेशनल स्कूल रेसलिंग चैंपियनशिप (अंडर-17) में प्रताप स्कूल के पहलवान शुभम छिल्लर (71 किग्रा वर्ग) ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, कुश्ती कोच प्रदीप, संदीप, संतोष, अनिकेत व अंकित मलिक ने शुभम को बधाई दी। साथ ही विद्यालय अध्यक्ष वेदप्रकाश दहिया एवं संस्थापक सत प्रकाश दहिया ने भी शुभकामनाएं दीं। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने अपने संबोधन में कहा कि शुभम छिल्लर एक मेहनती और अनुशासित पहलवान है।

## दिल्ली में 14 दिसंबर को होगी कांग्रेस की महारैली : इंदुराज

■ बरोदा विधानसभा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



विधायक इंदुराज नरवाल।

बरोदा विधानसभा के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली आयोजित की जाएगी। इस महारैली की तैयारियों को लेकर 11 दिसंबर को गोहाना में बरोदा मार्ग पर मोर चौक के समीप स्थित कांग्रेस बरोदा विधानसभा कार्यालय में प्रातः 10 बजे पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई गई है। विधायक ने महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, पार्टी एससी/एसटी प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक कांग्रेस संगठन, कांग्रेस सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन, लीगल सैल, इंटक, कांग्रेस सेवा दल, डीएनटी, एनएसयूआई, केकेसी और पंचायती राज संगठन कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें। विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि बैठक में कार्यकर्ताओं की महारैली को लेकर जिम्मेवारी सौंपी जाएगी।

## इनेलो की जिलास्तरीय बैठक गोहाना में 14 को

**गोहाना।** इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा 14 दिसंबर को गोहाना में जिला सोनीपत की कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करेंगे। बैठक सुबह 10 बजे गोहाना में बस अड्डे के सामने पार्टी प्रदेश सचिव भूपेंद्र मलिक के कार्यालय पर होगी। मंगलवार को शहर में जींद मार्ग स्थित पूर्व प्रत्याशी जोगेंद्र मलिक के पेट्रोल पंप पर इनेलो जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत, पूर्व एसपी द्रोणाचार्य अवार्ड अनूप दहिया, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश सचिव कृष्ण मलिक, प्रदेश सचिव जोगेंद्र मलिक, प्रदेश सचिव भूपेंद्र मलिक, प्रदेश सचिव सुरेश त्यागी, प्रदेश सचिव अशोक कौशिक, हलका खरखौदा इकाई के अध्यक्ष बलवान नंबरदार, गोहाना हलका अध्यक्ष गोपाल जाजी, हलका बरोदा इकाई के अध्यक्ष सुरेंद्र सिरसाढ़, हलका राई के अध्यक्ष प्रदीप दहिया व गोहाना शहरी इकाई अध्यक्ष राजेश हसीजा ने जिला स्तरीय बैठक के सफल आयोजन को लेकर विचारविमर्श किया।

## पानीपत में पंद्रह दिसंबर को होगा प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत का आयोजन

■ भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की सोनीपत जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला प्रधान बेदी दहिया के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लेकर संगठनात्मक मुद्दों और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र पहल, प्रदेश सचिव वीरेंद्र श्यामड़ी, जिला कोषाध्यक्ष बिजेंद्र दहिया, जिला कोऑर्डिनेटर इंदरजीत राणा, गोहाना ब्लॉक प्रधान राजबीर माजरा, खरखौदा ब्लॉक प्रधान शक्ति दहिया, गन्नौर ब्लॉक प्रधान कृष्ण सैय्या खेड़ा, गोहाना ब्लॉक उपप्रधान जसमेर महला, ब्लॉक महासचिव रामनिवास निजामपुर, जिला सचिव बुधराम सिंह सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख रूप से 15 दिसंबर को पानीपत में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई और तय किया गया कि सोनीपत जिले से किसान बड़ी संख्या में इस महापंचायत में शामिल होंगे। सभी पदाधिकारियों को उनकी-उनकी जिम्मेदारियां सौंपते हुए तैयारियों को गति देने के निर्देश दिए गए।

## सम्मेलन में पीएचडी शोधार्थी श्रेया को प्रथम पुरस्कार



सोनीपत। श्रेया चहल पुरस्कार दिखाते हुए साथ में वीसी एवं डॉ. अनिल सिंधु।

**सोनीपत।** सोसाइटी फॉर वेटरनरी साइंस एंड बायोटेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का 3 से 5 दिसंबर तक लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार में भव्य आयोजन हुआ। सम्मेलन का विषय था ब्रिजिंग साइंस एंड सोसायटी: बायोटेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल वन हेल्थ रहा। सम्मेलन में 200 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया और कुल 240 वैज्ञानिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। इसी प्रतिष्ठित सम्मेलन में दीनबंधु छोटूराम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल की पीएचडी शोधार्थी श्रेया चहल, जो डॉ. अनिल सिंधु के निर्देशन में शोधरत हैं, ने अपने विषय ब्लूटंग वायरस के विरुद्ध मशरूम अर्क की एंटीवायरल सक्रियता की जांच पर उत्कृष्ट मौखिक प्रस्तुति दी। उनके उत्कृष्ट वैज्ञानिक कार्य और प्रस्तुति कौशल के आधार पर उन्हें प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 5 दिसंबर को आयोजित समापन समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय के अनेक विशेषज्ञ उपस्थित रहे। श्रेया चहल की इस उपलब्धि पर डीसीआरयूएसटी के माननीय कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने हार्दिक बधाई व्यक्त की।

## 12.50 लाख रुपये बयाना लेकर प्लॉट दूसरे को बेचा, सीपी को दी शिकायत

■ एक महिला और एक पुरुष पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

महलाना रोड स्थित सरस्वती विहार निवासी एक व्यक्ति ने अपने साथ कथित धोखाधड़ी और मकान की बिक्री में की गई हेराफेरी के मामले में दो व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस आयुक्त को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता हरिकृष्ण पुत्र ओमप्रकाश ने शिकायत में आरोप लगाया कि साजिश के तहत उसके साथ धोखाधड़ी कर लाखों रुपये हड़प लिए गए। आरोप क्षेत्र की एक महिला व एक पुरुष पर लगाया गया है। शिकायत के अनुसार आरोपी महिला ने अपना मकान, जो गली नंबर 10, सरस्वती विहार में स्थित है, 32 लाख रुपये में बेचने का सौदा शिकायतकर्ता से किया था। इस सौदे के तहत 12 सितंबर 2023 को इकरारनामा किया गया और शिकायतकर्ता ने महिला को कुल 12.50 लाख रुपये बतौर बयाना दिए। इसमें 3.5 लाख रुपये नकद थे और शेष 7.50 लाख रुपये आरटीजीएस के जरिए तथा बाद में 1.50 लाख रुपये का चेक भी सौंपा गया। इकरारनामा महिला ने अपने गवाह की उपस्थिति में नोटरी से सत्यापित भी करवाया था।

### जांच करवाई जाएगी

शिकायतकर्ता का कहना है कि बाद में उसे पता चला कि आरोपी महिला ने कथित रूप से मिलीभगत कर वही मकान 6 मई 2025 को किसी अन्य के नाम रजिस्टर्ड करवा दिया। इस प्रकार दोनों आरोपियों ने साजिश के तहत पुराना इकरारनामा होते हुए भी मकान किसी अन्य को बेच दिया और शिकायतकर्ता से लिए गए कुल 12.50 लाख रुपये हड़प लिए। हरिकृष्ण ने शिकायत में आरोप लगाया है कि दोनों आरोपियों ने शुरुआत से ही धोखाधड़ी की मंशा से काम किया और उसके साथ आर्थिक ठगी की। उसने पुलिस आयुक्त से मांग की है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए।

## राव तुलाराम की 100वीं जयंती मनाई

**गोहाना।** मंगलवार को वजीरपुर गांव की बैरागियों वाली चौपाल में राव तुलाराम की 100वीं जयंती मनाई गई। समारोह में ग्रामीणों ने राव तुलाराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। जयंती समारोह आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा कि राव तुलाराम भारतीय के इतिहास में उन चमकते सितारों में से एक है जिन्होंने अंग्रेजों के साथ मिलकर राजा बने रहने की बजाय देश की आजादी को चुना और मातृ भूमि के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। हरियाणा में उन्हें राज नायक माना जाता है। समारोह के विशिष्ट अतिथि मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि विद्रोह काल में सैनिकों की सैन्य बल, धन व युद्ध सामग्री से सहायता प्रदान करने का श्रेय भी राव तुलाराम को जाता है। समारोह की अध्यक्षता गांव के सरपंच प्रतिनिधि चांदराम बैरागी ने की। उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति में उन्होंने हरियाणा व राजस्थान के अहिरवाल क्षेत्र में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ सशक्त नेतृत्व किया।



गोहाना। राव तुलाराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए ग्रामीण।

## नाबालिग से दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव में घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक की किशोरी संग सोशल मीडिया पर जान पहचान हुई थी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर भिवानी के गांव चांग निवासी श्रवण को गिरफ्तार कर लिया है। महिला ने मोहाना थाना पुलिस को बताया कि उनकी 14 साल की बेटी है। बेटी की जान पहचान श्रवण (34) के साथ सोशल मीडिया पर हुई थी। आरोपित 7 दिसंबर की रात को उनके घर में घुस गया। आरोपित ने उनकी नाबालिग बेटी को डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले का पता लगने पर उन्होंने 8 दिसंबर को मोहाना थाना सोनीपत में आरोपित के खिलाफ शिकायत दी।

### नवजात शिशुओं को ऊनी वस्त्र-गर्भवतियों को गुड़-चना बांटा

**सोनीपत।** इनरव्हील क्लब ऑफ सोनीपत ने मंगलवार को सरकारी अस्पताल में नवजात शिशुओं और गर्भवती महिलाओं के लिए सेवा कार्य आयोजित किया। क्लब की अध्यक्षा मिसेज दीपिका बाली के नेतृत्व में कुल 13 सदस्य इस कार्यक्रम में शामिल हुए। क्लब द्वारा 51 नवजात शिशुओं को ब्लैंकेट, कैप और सॉक्स वितरित किए गए। वहीं 100 गर्भवती महिलाओं को गुड़ और चना देकर उनकी स्वास्थ्य आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सहयोग किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्षा अनिता मदान, सुनीता कुकरेजा, मंजू चुघ, चारु बत्रा, सीमा, सीमा देवगन, शांति सोलंकी, पार्वीन नैन, सुषमा दहिया, सुशीला कुमार, आरती गोयल, डॉ. कमलेश मलिक और रेखा दहिया उपस्थित रहीं। अध्यक्षा अनिता मदान ने कहा कि क्लब का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना है और ऐसे सेवा कार्य आगे भी जारी रहेंगे।



सोनीपत। नागरिक अस्पताल में नवजात बच्चों के साथ क्लब की पदाधिकारी।

## शहरवासियों को जल्द मिलेगी बंदरों के आतंक से राहत

# बंदर पकड़ने का टेंडर अलॉट, स्लाटर हाउस में रखेंगे

*काफी समय से शहर में बंदरों के झुंड गलियों और बाजारों में मचा रहे उत्पात*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। शहर में मकान की दीवार पर बैठे बंदर। फोटो :हरिभूमि

शहरवासियों को बंदरों के बढ़ते आतंक से जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। नगर पालिका बंदर पकड़ने के लिए टेंडर अलॉट कर चुकी है और एजेंसी को बंदरों को अस्थायी रूप से रखने के लिए स्लाटर हाउस में विशेष स्थान उपलब्ध कराया है, जहां पकड़े गए बंदरों को रखा जाएगा। वहां बिजली और पानी की व्यवस्था भी की जा रही है। अनुमान है कि इस सप्ताह के अंत तक एजेंसी बंदरों को पकड़ने का अभियान शुरू कर देगी। काफी समय से शहर में बंदरों के झुंड गलियों और बाजारों में उत्पात मचा रहे थे। कई बच्चों और बुजुर्गों के घायल होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए नगर पालिका ने यह कदम उठाया है।

### कलेसर के जंगल में छोड़े जाएंगे बंदर

एजेंसी पकड़े गए बंदरों को स्लाटर हुए में एकत्रित करने के बाद वहां से उन्हें वन विभाग के सहयोग से सुरक्षित रूप से कलेसर के जंगलों में छोड़ा जाएगा। नगरपालिका के एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए है कि कि पकड़े गए बंदरों को किसी प्रकार की हानि न पहुंचाई जाए।

### पहले बाजार-रिहायशी क्षेत्रों में चलेगा अभियान

नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने बताया कि शहर के मुख्य बाजारों, स्कूलों और रिहायशी इलाकों में सबसे पहले कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगरपालिका की प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा और शहर की स्वच्छता सुनिश्चित करना है।

**सूचना**

मैं, मुकेश कुमार पुत्र हवा सिंह निवासी म.नं. 119 गांव बरोदा मोर पोस्ट ऑफिस बरोदा तह. गोहाना जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरी बेटी के श्रुति के सभी कागजातों में पिता का नाम मुकेश दर्ज है। मैं अपनी बेटी के पिता के नाम वाले कॉलम में अपना नाम मुकेश कुमार दर्ज करवाना चाहता हूं।

**सूचना**

मैं, श्रेया पुत्री मुकेश कुमार निवासी म.नं. 119 गांव बरोदा मोर पोस्ट ऑफिस बरोदा तह. गोहाना जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरे सभी कागजातों में पिता का नाम मुकेश दर्ज है। जोकि गलत है। मैं पिता के नाम वाले कॉलम में अपने पिता का नाम मुकेश कुमार दर्ज करवाना चाहती हूं।

## खबर संक्षेप



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान कथा वाचक सत्यदेव महाराज।

### सती चरित्र व परीक्षित स्वर्ग प्रवेश प्रसंग की कथा सुनाई

**सोनीपत।** बाबा बिशनदास धाम, मुरथल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस का कार्यक्रम मंगलवार को सम्पन्न हुआ। कथा का वाचन स्वामी सत्यदेव महाराज द्वारा किया गया, जिन्होंने आज सती चरित्र एवं परिक्षित स्वर्ग-प्रवेश प्रसंग की पावन कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।

स्वामी ने सती चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सती माता का त्याग और शिव भक्ति का आदर्श आज भी संसार के लिए प्रेरणा है। अहंकार, अपमान और असत्य के विरोध में सती माता का निर्णय यह संदेश देता है कि धर्म में हमेशा सत्य, संयम और आत्मसम्मान सर्वोपरि होते हैं। इसी प्रकार राजा परीक्षित प्रसंग में महाराज ने बताया कि जीवन की अंतिम घड़ी में भी जिस मनुष्य का मन भगवान की भक्ति में स्थिर हो, वही जीवन सार्थक बन जाता है। परीक्षित जी का सात दिन का श्रवण और मृत्यु को भी उत्सव बनाकर स्वीकार करने का दृष्टिकोण हमें सिखाता है कि भगवत भक्ति ही जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति का मार्ग है।

### अभ्यर्थियों ने ताऊ देवी लाल चौक पर किया प्रदर्शन

# असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में लागू 35 प्रतिशत नीति का विरोध

### 11 दिसंबर को प्रदेशव्यापी प्रदर्शन का ऐलान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बस स्टैंड के पास ताऊ देवी लाल चौक पर मंगलवार को एचपीएससी असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में लागू 35 प्रतिशत नीति के खिलाफ अभ्यर्थियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। डॉ. अम्बेडकर पार्क में एकत्रित हुए दर्जनों अभ्यर्थी नारेबाजी करते हुए चौक तक पहुंचे और 35 प्रतिशत नीति की प्रति जलाकर इसका विरोध दर्ज कराया। अभ्यर्थियों ने बताया कि 2 दिसंबर को असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी विषय के सब्जेक्टिव नॉलेज टेस्ट का परिणाम घोषित किया गया था। 613 पदों के लिए 2143 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 1226 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाए जाने की संभावना थी, लेकिन आयोग ने मात्र 151 अभ्यर्थियों को ही पास घोषित किया। अभ्यर्थियों के अनुसार इन 151 में भी हरियाणा से अधिक अन्य राज्यों के उम्मीदवार चयनित हुए हैं। आरक्षित वर्ग की 312 पोस्टों के लिए मात्र 17 अभ्यर्थियों को पास किया जाना निराशा और आक्रोश का बड़ा कारण बना हुआ है।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए अभ्यार्थी एवं आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### अभ्यर्थियों ने कहा- जानबूझकर फेल करने के उद्देश्य से किया लागू

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि 35 प्रतिशत नीति को जानबूझकर अभ्यर्थियों को फेल करने के उद्देश्य से लागू किया गया है और विभिन्न विषयों में इसी प्रकार का चयन पैटर्न अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले मास कम्युनिकेशन, डिफेंस, इकोनॉमिक्स और फिलॉसफी सहित कई विषयों में भी ऐसा ही हुआ है। अभ्यर्थियों ने बताया कि असिस्टेंट प्रोफेसर के अलावा एग्रीकल्चर डेवलपमेंट ऑफिसर, आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर और एचसीएस जैसी भर्तियों में भी आयोग की यह नीति विवाद का कारण बन चुकी है। अभ्यार्थियों ने घोषणा की कि 11 दिसंबर को पूरे हरियाणा से अभ्यर्थी पंचकूला में एक बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे। विरोध स्थल पर जसमिंदर सिंह, मामन सिंह, अनीशा, संदीप, विक्रम समेत कई अभ्यर्थी मौजूद रहे।

#### आप ने किया समर्थन

आम आदमी पार्टी ने भी अभ्यर्थियों की मांगों का समर्थन किया। प्रदर्शन में पार्टी के लोकसभा सचिव राजेश सरोहा, सोनीपत निगम प्रत्याशी चयन समिति के संयोजक विमल किशोर और राजकुमार पहुंचे। इस दौरान विमल किशोर ने सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि नई-नई नीतियों के नाम पर भर्ती प्रक्रियाओं को जटिल बनाया जा रहा है।

# जीवन में लक्ष्य हासिल करने के लिए व्यक्तित्व विकास जरूरी : जैन

- खेलो भारत बुक ऑफ रिकॉर्ड ने उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए अवॉर्ड वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। प्रतिभाशाली लोगों को सम्मानित करते हुए मेयर राजीव जैन।

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि जीवन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए व्यक्तित्व का विकास जरूरी है इसलिए हर युवा को शिक्षा के साथ-साथ खेल, डांस, गायन एवं भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। राजीव जैन अपने कार्यालय में खेलो भारत बुक ऑफ रिकॉर्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले युवाओं को अवॉर्ड प्रदान कर रहे थे। कार्यक्रम में आयोजक दुष्यंत सैनी, गोविंद राणा, शैफाली राणा व मोनू सैनी उपस्थित रहे। स्केटिंग में बिहार से आए कोच नीतीश कुमार, अनूप शाह, अभिषेक सिंह, अशीष शाह, दिलीप कुमार, विजय प्रजापति और सोनीपत से संदीप भारद्वाज को स्केटिंग आईकॉनिक अवॉर्ड दिया। दिवाक्षी, प्रियांशी, पीहू, नैंसी, रूहानी, संध्या, सिया, जानवी, अमायरा, अनु जैन और सोनीपत से शिवा कौशिक को डांस आईकॉनिक अवॉर्ड दिया। वरुण को सिंगिंग आईकॉनिक अवार्ड और गौरव सैनी को मॉडलिंग हरियाण अवार्ड, एथलीट अवार्ड मानसी, आराध्य, अक्षय और संदीप को सोशल वर्कर सोनीपत आईकॉनिक अवॉर्ड दिया।

## कम लिंगानुपात वाले गांव बिधलान में मनाया बेटी का जन्मोत्सव



खरखौदा। आंगनबाड़ी केंद्र में बेटी का जन्मोत्सव मनाते हुए

**खरखौदा।** ब्लॉक खरखौदा के कम लिंगानुपात वाले गांव बिधलान में महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से आंगनबाड़ी केन्द्र में बेटी का जन्मोत्सव मनाया गया। तीसरी बेटी के रूप में जन्म लेने वाली नवजात सलोनी पुत्री प्रियंका का आंगनबाड़ी केन्द्र में प्रथम बार आने पर पद चिह्न लेते हुए महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलम, ब्लाक समन्वयक अमित, सर्कल सुपरवाइजर ब्रह्मकली व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता, विजेता, सुमन, सुमित्रा, मुकेश द्वारा स्वागत किया गया। नवजात से 6 वर्ष की बालिकाएं जिनका जन्मदिवस माह दिसम्बर में आता है, का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया। महिला ने मंगल गान गाया और बालिकाओं को उपहार एवं केन्द्र में इस जन्मोत्सव पर मौजूद महिलाओं को भ्रूण लिंग जांच न कराने की शपथ दिलवाई। विभागीय स्कीमों बारे बताते हुए रिफ्रेशमेंट बांटी गई।

*हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी व्यापार सेल के पूर्व चेयरमैन ने पत्रकारों से की बातचीत*

# भाजपा सरकार में खूब फल फूल रहा पूंजीवाद : तायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी व्यापार सेल के पूर्व चेयरमैन मुकेश तायल ने कहा कि भाजपा सरकार में पूंजीवादी व्यवस्था खूब फल फूल रही है। रिलायंस कम्पनी के शेयर बढ़ना और अन्य कंपनियों के शेयर लगातार गिरना इस दिशा में कई सवाल खड़े करता है। वे मंगलवार को विकास नगर स्थित अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुकेश तायल ने कहा कि पूरे देश के पब्लिक सेक्टर एवं के उद्योग सेक्टर में बैलेंस बनाने के लिए जितने भी पीएसयू थे वे बस बेच दिए गए हैं। पिछले सात दिन से झगड़ा चल रहा है कि कैसे इंडिगो कंपनी देश की कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रही है। 6 महीने का समय देने के बावजूद भी उसने अमल नहीं किया और दोबारा से सरकार को समय देना पड़ा। कांग्रेस नेता मुकेश तायल ने कहा कि आज देश की आम जनता का धन पूंजीवादी लोगों की जेब में जा रहा है। आज किसान और कमेरा वर्ग कर्ज के दलदल में फंसता जा रहा है।



गोहाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुकेश तायल व साथ में उनके सहयोगी। फोटो : हरिभूमि

# प्रताप चौक के सौंदर्यीकरण के साथ लगवाएं शिलालेख : चौहान

- सनातनी करनी सेना के पदाधिकारियों ने विधायक निखिल मदान व मेयर राजीव जैन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बहालगढ़ रोड पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप चौक के सौंदर्यीकरण के साथ शिलालेख लगाने की मांग की गई है। इसे लेकर सनातनी करनी सेना के पदाधिकारियों ने विधायक निखिल मदान व मेयर राजीव जैन से मिलकर ज्ञापन सौंपा। सनातनी करनी सेना के प्रदेश महामंत्री दीपक चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप चौक के सुंदरीकरण के साथ वहां उनके जीवन से संबंधित जानकारी लगानी चाहिए। शिलालेख लगाकर उनके इतिहास, त्याग और बलिदान के बारे में जानकारी दी जाए। जिससे पता लग सके कि किस प्रकार उन्होंने धर्म और देश के सम्मान की लड़ाई लड़ी। भारत को उन्होंने गुलाम नहीं होने दिया। अकबर को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। उनकी जीवनी को पढ़कर आने वाली युवा पीढ़ी प्रेरणा ले सके।इस दौरान चेयरमैन संजय राणा, पुनीत, प्रताप सिंह, राजेंद्र सिसोदिया, सागर चौहान, प्रवीन सिसोदिया भी मौजूद रहे।

*11 को ओशो फ्रैगरेंस आश्रम में कार्यक्रम का होगा आयोजन*

# ओशो ने जीवन को आनंदपूर्वक जीने की कला दी : स्वामी शैलेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

श्री रजनीश ध्यान मंदिर में आयोजित प्रेस वार्ता में ओशो के भाई डॉ. स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती ने बताया कि 11 दिसंबर वह पावन दिवस है, जब मानवता ने ओशो के रूप में एक ऐसा ज्योति स्रोत पाया, जिसने गुरु-शिष्य संबंध की पूरी धारा को नई दिशा, अध्यात्म की विधियों को नूतन आयाम, मन की बिल्कुल नई समझ और जीवन को आनंदपूर्वक जीने की कला दी। हम ओशो को उस दिव्य ऊर्जा प्रवाह के रूप में स्मरण करते हैं जो शिष्य के भीतर सोई हुई चेतना को प्रेम से स्पर्श कर जगा देता है। गुरु को आसन, अधिकार और पूजा की वस्तु होने से मुक्ति दिलाकर उन्होंने गुरु को जागरण की प्रक्रिया में उत्प्रेरक बना दिया।

#### गुरु मन पर जमी धूल को हटाता



डॉ. स्वामी शैलेंद्र सरस्वती।

ओशो के अनुसार गुरु तुम्हें कुछ देता नहीं, वह तुमसे केवल तुम्हारी नींद छीन लेता है। गुरु जानकारी का बोझ नहीं डालता, बल्कि मन पर जमी धूल को हटाता है। वह चमत्कार नहीं करता, बल्कि चेतना के विकास की वैज्ञानिक संभावना खोलता है। गुरु आशीर्वाद नहीं देता, उसकी मौजूदगी ही आशीष है। वह अंधे अनुयायी पैदा नहीं करता, आंख वाले मुक्त मनुष्य पैदा करता है। वह कोई नया संप्रदाय या धर्म नहीं बनाता, बल्कि प्राचीन कट्टरपंथी सांप्रदायिक धारणाओं के पिंजरों को तोड़कर खुले आकाश में उड़ना सिखाता है। उन्होंने बताया कि 11 दिसंबर को दीपालपुर ग्राम स्थित ओशो फ्रैगरेंस आश्रम में ध्यान, प्रेम, श्रद्धा, लाइव संगीत का आयोजन किया जाएगा।

# नारायण आश्रम में मनाया स्वामी ब्रह्मप्रकाश का निर्वाण दिवस

- भजन-सत्संग का आयोजन किया, उपस्थित भक्तों को प्रसाद किया वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

श्री नारायण आश्रम सिसाना में स्वामी ब्रह्मप्रकाश नारायण महाराज के निर्वाण दिवस का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर गुरुदेव के चरणों में नमन किया और आध्यात्मिक वातावरण का लाभ उठाया। जिसमें दूर दूर से पहुंचे साधु महात्माओं ने अपने प्रवचन दिए। सिसाना गौशाला कमेटी के सदस्यों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर गुरुदेव महाराज के पावन स्मृति दिवस पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अनिल दहिया ने भी गुरुदेव की समाधि पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि स्वामी ब्रह्मप्रकाश नारायण महाराज का जीवन समाज और गौ-संरक्षण के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में सेवा और सद्भाव को आगे बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान भजन-सत्संग का आयोजन किया गया तथा उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

# सोनिया गांधी ने कांग्रेस को संघर्ष की ताकत दी: दिवान

### कांग्रेस भवन में केक काटकर मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

- कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर मंगलवार को शहर के सुभाष चौक स्थित कांग्रेस भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया और उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने की। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने त्याग, समर्पण और संवैधानिक मूल्यों की राजनीति को हमेशा सर्वोपरि रखा। उन्होंने सत्ता को साधन नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम माना। भाजपा के विपरीत कांग्रेस ने हमेशा देश की एकता, भाईचारे और लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में मनरेगा, आरटीआइ, खाद्य सुरक्षा जैसे ऐतिहासिक कानून बने, जिनसे आम आदमी को सीधा लाभ मिला। कमल दिवान ने कहा कि आज देश महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की अनदेखी जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है।



सोनीपत। सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाते हुए कांग्रेस पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

#### सोनिया गांधी जैसे नेताओं की विचारधारा प्रेरणास्रोत

ऐसे समय में सोनिया गांधी जैसे नेताओं की विचारधारा और संघर्ष की प्रेरणा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जनता की आवाज बुलंद करने की ताकत देती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करें और कांग्रेस की नीतियों को आमजन तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी सोनिया गांधी के राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डाला। प्रवक्ता राकेश सौदा, प्रेम नारायण गुप्ता, दयानंद वाल्मीकि, इसाक मदार और नीलम बालियान, प्रेम रेलन, ओमप्रकाश मुंजाल, नरेंद्र गोयल, जयवीर सिंह राठी, राजेश सेवली, देवेंद्र राठधाना, अमृतलाल, कृष्णा, राजीव गर्ग सहित अन्य कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# गली निर्माण में बाधा बन रहे बिजली के खंभे को हटवाने की मांग





गन्नौर। गली निर्माण में बाधा बन रहा बिजली का खंभा।

**गन्नौर।** वार्ड नंबर 15 की पार्षद शिवानी जैन ने नगरपालिका रोड स्थित अशोक नगर में एक गली में लगे बिजली के खंभे को हटवाने की मांग की है। पार्षद ने इस संबंध में बिजली निगम एसडीओ को लिखित शिकायत दी है। पार्षद ने बताया कि नगर पालिका द्वारा गली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, लेकिन गली के बीचों-बीच लगा बिजली का खंभा निर्माण में बाधा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यह खंभा ट्रांसफार्मर से महज 4 से 5 फुट की दूरी पर है, जिसे हटाया जा सकता है। खंभा बीच गली में होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद ने विभाग से जल्द कार्रवाई कर खंभे को स्थानांतरित करने की मांग की है, ताकि गली का निर्माण सुचारू रूप से पूरा हो सके और स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## खेल

### गीता विद्या मंदिर गोहाना के वार्षिक खेलोत्सव में विद्यार्थियों की झलकी खेल प्रतिभा

# 100 मीटर दौड़ में नीति दौड़ी सबसे तेज, साक्षी रही द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में गुढ़ा रोड स्थित गीता विद्या मंदिर के वार्षिक खेलोत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित की। दूसरे दिन खेलोत्सव की अध्यक्षता प्राचार्य अश्वनी कुमार ने की। मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र संदीप लठवाल एवं मुस्कान रहे। प्राचार्य अश्विनी कुमार, छात्रा शाखा प्रमुख मन्नू और शिशु वाटिका प्रमुख सुनीता ने उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

खेलोत्सव में 100 मीटर दौड़ में नीति प्रथम, साक्षी द्वितीय और उमंग व नेहा तृतीय रहे। 200 मीटर में तमन्ना, नीति और दीपांशी, 400 मीटर दौड़ में नीति, तनीषा और दीपांशी, 800 मीटर दौड़ में दीक्षा, दीपांशी, कीर्ति व तनीषा, नींबू दौड़ में रिया नरवाल, रिया मलिक और अन्नू, बैलेंस दौड़ में सारा, अंशुल और वंशिका, शॉटपुट में इशिता, दक्षिता, अतिप्रिया व खुशी, लंबी कूद में नेहा, तनीषा, कीर्ति और रितिका क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। 100 गुणा 4 रिले दौड़ में चाणक्य सदन प्रथम, शिवाजी सदन द्वितीय और विवेकानंद सदन तृतीय रहा। रस्साकसी में चाणक्य सदन प्रथम, शिवाजी सदन द्वितीय और विवेकानंद सदन तृतीय रहा। खेलोत्सव में उमेश, रेखा, जनता, रजनी और सोमी का विशेष सहयोग रहा।



गोहाना। प्रतियोगिताओं में विजेता घोषित विद्यार्थी अतिथियों व अपने गुरुजनों के साथ।

## महिला विवि की गरिमा ने जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की की छात्रा गरिमा ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के 5वें संस्करण की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में अपने मुक्के के दम पर रजत पदक पर कब्जा कर लिया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश और कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने छात्रा को सम्मानित करते हुए अपना आशीर्वाद दिया। राजस्थान के भरतपुर में 24 से 5 दिसंबर तक खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स आयोजित हुए। छात्रा गरिमा ने इन खेलों के 5वें संस्करण में मुक्केबाजी प्रतियोगिता के 63 किलोग्राम भारवर्ग में अपने मुक्के का दम दिखाते हुए रजत पदक जीत कर महिला विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़ चढक़र भाग लेना चाहिए। खेलों से शारीरिक और मानसिक के साथ अनुशासन की भावना का भी विकास होता है। महिला विश्वविद्यालय की खेल निदेशक डॉ. बबीता और डॉ. मुकेश धनखड़ ने भी छात्रा गरिमा के प्रदर्शन की सराहना की।



गोहाना। कुलपति प्रो. सुदेश और कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव से आशीर्वाद लेते हुए छात्रा गरिमा।